आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार — यश भारत — 16 वें वर्ष में प्रवेश

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 16 अंक 16 ● कटनी ● गुरुवार, 17 फरवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष-1 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



## कुएं में छिपा था काल

### कुशीनगर में शादी की एक रस्म के दौरान स्लैब ढहा

# 11 बच्चों समेत 13 की मौत

**कुशीनगर।** कुशीनगर का नौरंगिया गांव। पल भर पहले जहां खुशी का माहौल था, वहां अब मातम पसरा है। चीखें हैं। बदहवास महिलाएं हैं। गांव के कुएं पर शादी की एक रस्म मौत लेकर आ गई। हंसते-खेलते 30 लोग कुएं में समा गए। कैसे क्या हुआ किसी को समझ नहीं आया। डेढ़ घंटे बाद जब उन्हें निकाला गया, तब तक 11 बच्चों समेत 13 लोग दम तोड़ चुके थे। हादसा उस वक्त हुआ, जब हल्दी से जुड़ी एक एक रस्म मटकोड़वा के लिए औरतें व लड़कियां कुएं पर पहुंची थीं।

पुलिस के अनुसार नौरंगिया ग्राम सभा के स्कूल टोले पर बुधवार की रात करीब 9 बजे एक मांगलिक कार्यक्रम में कुआं पूजन की रस्म के लिए महिलाएं व बच्चियां इकठ्ठा थीं। कुआं पानी से भरा हुआ था। भीड़ अधिक थी। बच्चियां व महिलाएं कुएं की मुंडेर और कुएं पर बने चबूतरे पर पर बैठीं थीं। कहा जा रहा है कि कुएं का चबूतरा कमजोर होने की वजह टूट गया जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। गांव के कुछ लोगों का कहना है कि कुएं के स्लैब पर चढ़ने के लिए मना भी किया जा रहा था, लेकिन कोई माना नहीं। इससे करीब 30 बच्चियां व महिलाएं कुएं में गिर गईं। अधिकारियों के अनुसार ये महिलाएं शादी के एक दिन पहले कुएं के पास मिट्टी कोड़ने की रस्म अदा करने पहुंची थीं। हाहाकार मच गया। समय बीत रहा था। कुएं में गिरी महिलाओं और बच्चियों को कैसे निकाला जाए, किसी को समझ नहीं आ रही था। जब तक बचाव टीमें मौके पर पहुंचीं, काफी देर हो चुकी थी। दो घंटे की मशक्कत के बाद 11 बच्चियों व दो महिलाओं को कुएं से निकालकर अस्पताल भेजा गया।





### क्या कहना है परिवार की महिला सदस्यों का

परिवार की महिला सदस्यों का कहना है कि उन्हें इस बात का अंदाजा नहीं था कि स्लैब टूट जाएगा। हालांकि जब लोग उस पर चढ़ रहे थे तो मना भी किया जा रहा था कि स्लैब टूट जाएगा। लेकिन डांस देखने के आगे कोई कुछ भी सुनने को तैयार नहीं था।

### चीख पुकार और गांव के पुरुष भाग गए

घटना इतनी भयावह थी कि पूरे गांव में कोहराम मच गया। शादी वाले घर में तो चीख-पुकार ही मच गई। गांव से जिला अस्पताल तक हाहाकार मचा रहा। कमिश्नर, डीआईजी, डीएम, एसपी ने मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव कार्य की जानकारी ली। साथ ही पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया है। हादसे के बाद परिवार के पुरुष सदस्य डर के मारे गांव छोड़कर फरार हो गए, वहीं महिलाएं सदमें में आ गईं। कई महिलाएं हादसे को सुन ही सदमे में आ गईं। रिपोर्ट्स के मुताबिक पुलिस जब गांव पहुंची तो गांव के पुरुष फरार थे। उन्हें डर था कि कहीं गांव के लोग आक्रोश में आकर उनके साथ मारपीट न कर दें।

### नई तकनीक का कमाल

## पहली बार किसी संक्रमित महिला ने एचआईवी को हराया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में डॉक्टरों ने पहली बार एचआईवी संक्रमित महिला का उपचार कर उसे वायरस से मुक्त करने में सफलता पाई है। डॉक्टरों के मुताबिक, उपचार की पूरी प्रक्रिया को 'स्टेमसेल ट्रांसप्लांट' के जरिये पूरा किया गया है। स्टेमसेल एक ऐसे व्यक्ति ने दान किए थे जिसके अंदर एचआईवी वायरस के खिलाफ कुदरती प्रतिरोधक क्षमता थी। कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी की डॉ. इवोन ब्राइसन और बाल्टीमोर की जॉन हॉपकिंस यूनिवर्सिटी की डॉ. डेब्रा परसॉड के नेतृत्व में जारी एक विशेष अध्ययन को ध्यान में रखते हुए इलाज की कई प्रक्रियाओं को पूरा किया गया। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने पहली बार गर्भनाल के खून का इस्तेमाल महिला के ल्युकेमिया का इलाज करने के लिए किया। फिलहाल महिला 14 महीने से स्वस्थ है, और उसे किसी भी दवा की जरूरत नहीं पड़ी है।



#### पहली बार महिला का इलाज

इससे पहले दो ऐसे मामले हुए हैं जब एचआईवी मरीज ठीक हो गए। उनमें से एक मामला श्वेत पुरुष का था जबकि, दूसरा एक दक्षिण अमेरिकी मूल के पुरुष का। इन दोनों का भी स्टेमसेल ट्रांसप्लांट हुआ था लेकिन वे स्टेमसेल वयस्क लोगों से लिए गए थे। अंतरराष्ट्रीय एड्स सोसाइटी की अध्यक्ष शैरन लेविन ने कहा, अब इलाज की तीसरी रिपोर्ट आ रही है और पहली बार किसी महिला का उपचार कर उसे ठीक किया गया है।

#### ऐसे होता है उपचार

डॉक्टरों ने पहले एचआईवी पीड़ित मरीजों पर परीक्षण कर उनकी कीमोथेरेपी की। ताकि कैंसर कोशिकाओं को खत्म किया जा सके। उसके बाद विशेष जेनेटिक म्यूटेशन वाले व्यक्ति से स्टेमसेल लेकर उसे मरीज के शरीर में ट्रांसप्लांट करते हैं। इस पर अध्ययन कर रहे शोधकर्ताओं का मानना है कि ट्रांसप्लांट के बाद मरीजों में एचआईवी के प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो जाती है।


#### जीन थेरेपी भी कारगर

एड्स सोसाइटी की अध्यक्ष के लेविन के मुताबिक, एचआईवी का इलाज संभव है और जीन थेरेपी भविष्य में इसके इलाज की कारगर रणनीति हो सकती है। अध्ययन के मुताबिक, इस इलाज की सफलता का अहम सूत्र एचआईवी-प्रतिरोधक कोशिकाओं का मरीज के शरीर में सफल ट्रांसप्लांट है।

## सुंदर पत्नी युवक के लिए मुसीबत बनी

### मेरे साथ नहीं रहना चाहती, छतरपुर में अप्लीकेशन लेकर थाने पहुंचा

छतरपुर। आमतौर पर लड़के पढ़ी-लिखी और सुंदर पत्नी चाहते हैं। लेकिन मध्य प्रदेश के छतरपुर में सुंदर पत्नी युवक के लिए मुसीबत बन गई है। युवक का दावा है कि उसकी पत्नी ज्यादा सुंदर है और वह उसके साथ नहीं रहना चाहती है। इस बात को लेकर युवक ने पुलिस में अप्लीकेशन दी है। बांदा जिले के मटोंध गांव के रहने वाले नंदूपाल पिता राममिलन पाल की शादी छतरपुर जिले के लवकुशनगर थाना क्षेत्र के एक गांव नगरौली में रहने वाली रीनापाल पिता भैयापाल के साथ हुई थी। शादी 30 अप्रैल 2021 को हुई थी। युवक का कहना है कि शादी में पत्नी को यथासंभव जेवरात भी चढ़ाए थे। उसका कहना है कि पत्नी केवल तीन दिन उसके साथ रहने के बाद चली गई और अब उसके साथ नहीं रहना चाहती। युवक का कहना है कि वह अपनी पत्नी को लेने के लिए ससुराल भी गया था। लेकिन वहां पर ससुराल के लोगों ने उसे कमरे में बंद करके मारा। इस दौरान न तो उसकी पत्नी उसे देखने ही आई और न ही उसके साथ जाने को तैयार हुई। घटना के बाद फरियादी नंदूपाल लवकुशनगर थाने गया।



## अब मध्य प्रदेश में भी स्काई डाइविंग

### 10 हजार फुट की ऊंचाई से गोता लगाने का रोमांच उठा सकेंगे पर्यटक

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग नई शुरुआत करने जा रहा है। पहली बार प्राइवेट पार्टनर्स के सहयोग से 'स्काई डाइविंग' शुरू करने का फैसला लिया गया है। यह जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को दी। मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड के प्रबंध निदेशक और पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहाकि आसमान में पक्षियों की तरह उड़ने का रोमांच अनुभव करने के लिए अब भोपाल और उज्जैन में 'स्काई डाइविंग' की सुविधा उपलब्ध होगी। शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में पहली बार एक व दो मार्च को भोपाल में तथा तीन से छह मार्च तक उज्जैन में पायनियर फ्लाइंग अकादमी, अलीगढ़ के सहयोग से च्स्काई डाइविंगज् शिविर का आयोजन किया जाएगा। भोपाल में शिविर राजा भोज हवाई अड्डे और उज्जैन में हवाई पट्टी के पास आयोजित किए जाएंगे और इसमें पर्यटक 10 हजार फुट की ऊंचाई से गोता लगा सकेंगे। शुक्ला ने कहा कि अब तक रोमांच प्रेमियों को च्स्काई डाइविंगज् का अनुभव करने के लिए देश के बाहर दुबई जाना पड़ता था।



## यूक्रेन में रहने वाले भारतीयों की मदद : विदेश मंत्रालय ने बनाया कंट्रोल रूम

**नई दिल्ली ।** यूक्रेन और रूस का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है. रूसी सैनिकों को यूक्रेन की सीमा से वापस बेस पर बुलाए जाने के बावजूद लगातार तनाव बना हुआ है. जिस पर अमेरिका और चीन जैसे बड़े देशों की नजर भी है. इस बीच यूक्रेन में रहने वाले हजारों भारतीयों को लेकर भी चिंताएं बढ़ती जा रही हैं. यहां रहने वाले छात्र और बाकी लोग भारत आने की कोशिश कर रहे हैं. इसी बीच अब भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से एक कंट्रोल रूम तैयार किया गया है. यूक्रेन में रहने वाले भारतीयों के परिवार के लिए विदेश मंत्रालय ने इस कंट्रोल रूम को तैयार किया है. लोगों के लिए इस कंट्रोल रूम का हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है. अगर किसी को भी यूक्रेन में अपने परिजनों को लेकर कुछ जानकारी चाहिए तो वो हेल्पलाइन नंबर 01123012113, 01123014104 और 01123017905 पर कॉल कर सकते हैं।



यूक्रेन में भारतीय लोगों के लिए हेल्पलाइन नंबर इसके अलावा यूक्रेन में रहने वाले लोगों के लिए भारतीय दूतावास (एंबेसी) का हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है. जिससे ये लोग फ्लाइट्स और बाकी चीजों को लेकर जानकारी जुटा सकते हैं. इसके लिए यूक्रेन में इंडियन एंबेसी के नंबर +380997300428 और 380997300483 पर कॉल कर सकते हैं. ये हेल्पलाइन 24 घंटे जारी रहेंगीं।



### सीएम चरणजीत सिंह चन्नी के बयान से घमासान

## दिल्ली-बिहार तक बवाल

**चंडीगढ़।** पंजाब मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के उत्तर प्रदेश, बिहार और दिल्ली को लेकर दिए बयान के बाद विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस महासचिव और यूपी की प्रभारी प्रियंका गांधी के सामने सीएम चन्नी ने कहा कि प्रियंका पंजाब की बहू है। सारे पंजाबी एक हो जाओ। हम यूपी, बिहार और दिल्ली के भैया जो पंजाब में राज करना चाहत हैं, उन्हें घुसने नहीं देंगे। इस बयान का वीडियो वायरल हो रहा है। चरणजीत के बयान पर बीजेपी, आप, बसपा और जदयू ने कांग्रेस पर निशाना साधा है।आम आदमी पार्टी ने चरणजीत सिंह चन्नी के बयान की आलोचना की है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब सीएम की टिप्पणी को शर्मनाक बताया। उन्होंने कहा कि हम किसी भी व्यक्ति या किसी विशेष समुदाय के खिलाफ की गई गलत टिप्पणियों की निंदा करते हैं। सीएम केजरीवाल ने कहा कि चन्नी ने पहले उनकी त्वचा के रंग को लेकर ताना मारते हुए काला कहा था।

### अब रीवा में मिले गायों के कंकाल

## 50 से ज्यादा मरी गायें तालाब में फेंकी

**रीवा।** भोपाल के बाद अब रीवा जिले की गौशाला में गायों की मौत का मामला सामने आया है। जिले की चोरगडी गौशाला में दर्जनों गायों की हड्डियां और कंकाल मिले हैं। गौशाला रायपुर कचुर्लियान ब्लॉक में है, इसका संचालन पंचायत करती है। गौशाला के जिम्मेदार ठंड में दम तो?ती गायों को पीछे बने तालाब में फेंकते रहे। बाद में जब बदबू फैली तो गायों के शव गड्ढे खोदकर दफना दिए। वहीं, कुछ की हड्डियां बेच दी गईं। ऐसी 50 से ज्यादा गायों के कंकाल यहां मिले हैं। दो हफ्ते पहले भोपाल में क्ष्छ्क्क नेत्री की गौशाला में 80 से ज्यादा गायों के कंकाल मिले थे। सामाजिक कार्यकर्ता शिवानंद द्विवेदी का कहना है कि कुछ दिन पहले गांव वालों की सूचना पर वह खुद चोरगडी गौशाला गए थे। वहां ठंड की वजह से अब तक 75 से ज्यादा गायें मर चुकी हैं। गौशाला के जिम्मेदार गायों के शव तालाब में फेंकते रहे। गांव में जब बदबू फैली, तो लोगों के साथ वह खुद भी मौके पर पहुंचे। तालाब में 25 से 30 गायों के शव पड़े थे। साथ ही आसपास 20 से ज्यादा गायों की हड्डियां भी पड़ी हुई थीं। आनन-फानन में जिम्मेदारों ने शव गड्ढे में दफना दिए। इस बीच कई गोवंशों की हड्डियों को बेचा जा चुका था।



### म प्र में कोरोना के 1388 नए मामले, तीन मरीजों ने गंवाई जान

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में बुधवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 1,388 नए मामले सामने आने से संक्रमितों की संख्या बढ़कर 10,30,261 हो गई। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहाकि पिछले 24 घंटों में प्रदेश में तीन लोगों की मौत संक्रमण से हुई है। इसे मिलाकर राज्य में अब तक कुल 10,703 लोगों ने इस बीमारी से जान गंवाई है। उन्होंने कहा कि बुधवार को कोरोना वायरस संक्रमण के इंदौर में 144 और भोपाल में 283 नए मामले दर्ज किए गए हैं। ये दोनों जिले इस बीमारी से प्रदेश में सबसे अधिक प्रभावित हैं।



### रूसी मीडिया का दावा

## यूक्रेन ने रूस समर्थक विद्रोहियों पर बरसाए बम

**कीव/मास्को।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी तनाव में अब नया मोड़ आता दिख रहा है। रूस की मीडिया ने दावा किया है कि पूर्वी यूक्रेन में विद्रोहियों पर यूक्रेन की सेना ने ग्रेनेड और मोर्टार से हमले किए हैं जो समझौतों का उल्लंघन है। माना जाता है कि ये विद्रोही रूस समर्थक हैं। उधर, अमेरिका के राष्ट्रपति कार्यालय वाइट हाउस ने चेतावनी दी है कि रूस कभी भी यूक्रेन पर हमला कर सकता है।रूस की स्पुतनिक समाचार वेबसाइट के मुताबिक यूक्रेन की सेना ने देश के पूर्वी इलाके में स्थित स्वघोषित लुगांस्क पीपुल्स रिपब्लिक में गुरुवार को चार जगहों पर मोर्टार गोले और ग्रेनेड से हमला किया है। इस कथित रिपब्लिक के एक अधिकारी ने कहा, च्यूक्रेन की सेना ने मिंस्क समझौते का उल्लंघन करते हुए सीजफायर का उल्लंघन किया है और हथियारों का इस्तेमाल किया है। फरवरी 2015 में हुए इस समझौते में रूस समर्थक विद्रोही गुटों और यूक्रेन की सरकार के बीच सीजफायर हुआ था। इसके तहत सेना की वापसी, आर्थिक रिश्तों की शुरुआत, यूक्रेन में संवैधानिक सुधार आदि पर सहमति बनी थी। रूसी मीडिया का यह दावा अगर सही है तो दोनों देशों के बीच पहले से चला आ रहा तनाव और भड़क सकता है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय ने चेतावनी दी है कि रूस कभी भी यूक्रेन पर हमला कर सकता है। इस बीच राष्ट्रपति जो बाइडन ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और विदेश मंत्री को म्यूनिख में हो रहे सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कहा है ताकि दुनियाभर के नेताओं को रूस के खिलाफ एकजुट किया जा सके।

#### अमेरिका ने दी हमले की चेतावनी

### कश्मीर में खौफ का सिंकहोल

### हजारों ट्राउट मछलियों की मौत, स्थानीय लोग जमीन धंसने से घबराए

## अनंतनाग में 500 मीटर दूरी में गायब हुई पहाड़ी नदी

**श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में ट्राउट मछलियों के लिए मशहूर ब्रेंगी नाला अचानक बने एक सिंकहोल (जमीन धंसने से बनने वाला कुआं) के कारण 500 मीटर तक सूख गया है। साउथ कश्मीर के अनंतनाग जिले की पहाड़ी नदी में हुई इस घटना के चलते हजारों ट्राउट मछलियों की मौत हो गई है।**

स्थानीय लोगों में जमीन धंसने के कारण खौफ का माहौल बन गया है। साइंटिस्ट्स सिंकहोल के बनने का कारण जानने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि उससे होने वाले किसी नुकसान को रोका जा सके। अनंतनाग जिले के वांडेवलगाम एरिय में ब्रेंगी नाला के अंदर सिंकहोल बनने की घटना पिछले सप्ताह हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सिंकहोल बनते ही नाले का सारा पानी तेजी से उसमें समाने लगा, जिससे यह छोटी पहाड़ी नदी 500 मीटर से ज्यादा लंबे एरिया में पूरी तरह सूख गई है। सिंकहोल की गहराई 200 मीटर से ज्यादा आंकी गई है। स्थानीय लोगों ने इस घटना के चलते ब्रेंगी नाला में मिलने वाली मछलियों के पूरी तरह खत्म होने का डर जताया है। उन्होंने जिला प्रशासन से तत्काल सिंकहोल के आसपास के एरिया में इसके कारण किसी भी तरह का नुकसान रोकने के लिए कदम उठाने की मांग की है। ब्रेंगी नाला ट्राउट मछलियों के लिए बेहद मशहूर है और इसमें लाखों की संख्या में ये मछलियां पाई जाती हैं। ट्राउट कोल्ड वाटर फिश है, जो केवल 0 से 20 डिग्री सेल्सियस तापमान वाले बहते हुए ताजे मीठे पानी वाली नदी में ही पाई जाती है।



# कोरोना की लहर कमजोर पड़ते ही अब कटनी में जल्द होगी बड़ी प्रशासनिक सर्जरी

## प्रदेश अध्यक्ष के साथ भाजपा संगठन तथा विधायकों के बीच मंत्रणा, प्रभारी मंत्री से भी हुई बात




**कटनी।** कोरोना की तीसरी लहर कमजोर पड़ने के बाद अब मप्र में एक बार फिर प्रशासनिक बड़ी प्रशासनिक सर्जरी होने वाली है। लेकिन यह मध्यप्रदेश तक सीमित नहीं है इस बार इस सर्जरी में कटनी जिला विशेष तौर पर प्रभावित होगा। सूत्रों के अनुसार इसका खाका तैयार हो चुका है। यह प्रशासनिक सर्जरी विभिन्न विभागों खास तौर पर जिला प्रशासन जिला पंचायत पुलिस शिक्षा, पीडब्लूडी में प्रभावित होगी। इसके साथ ही ग्रामीण स्तर पर भी कई अधिकारी कर्मचारी इसकी जद में आएंगे। प्रशासनिक सर्जरी का खाका तो काफी पहले ही तैयार हो चुका था लेकिन कोरोना की लहर से यह ठंडे बस्त में चला गया था। सूत्रों के मुताबिक कटनी जिले में सत्ताधारी भाजपा के पदाधिकारी विशेष तौर पर मंडल अध्यक्ष अपने अपने क्षेत्रों के कर्मचारी अधिकारियों से खुश नहीं हैं। इन लगभग सभी मंडल अध्यक्षों का कहना है कि सत्ता के मंडल अध्यक्ष होने के बाद भी अधिकारी उनकी बात नहीं सुनते कार्यकर्ताओं के काम भी करने में अड़ंगेबाजी होती है। कई मंडल अध्यक्ष बीते दो बार से इसे लेकर क्षेत्रीय सांसद तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष को शिकायत कर चुके हैं। इसे लेकर जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा से भी गत दिनों भाजपा का एक प्रतिनिधि मंडल मिला था जिसमें कुछ विभागों के अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर असंतोष जाहिर किया गया था। इस प्रतिनिधि मंडल को प्रभारी मंत्री ने आश्वासन दिया था कि कटनी में अगले बार जब वह आएंगे तो आदेश जारी करेंगे। सूत्रों के मुताबिक इस बारे में जिला भाजपा संगठन तथा विधायकों को सूची तैयार करने के लिए कहा गया था जो तैयार है। मतलब आने वाले दिनों में कटनी में बड़ी प्रशासनिक सर्जरी हो जाएगी।

### टनल हादसे में लेट पहुंचे अधिकारी

आपको बता दें कि कटनी में स्लीमनाबाद टनल हादसा सहित कुछ और घटनाओं को लेकर भी सरकार ने गंभीरता से लिया था इस घटना के बाद भले ही जिला प्रशासन ने 7 लोगों को बचाने के बाद खुद की पीठ थपथपाई थी, लेकिन यहां पहुंचने में स्थानीय अधिकारियों को देरी को क्षेत्रीय विधायक प्रणय पांडे ने गंभीरता से लेकर नाराजगी भी व्यक्त की थी। सूत्रों की माने तो कटनी में इस फेरबदल को लेकर लगभग मंथन पूरा हो चुका है। बताया जा रहा है कि इस सूची में 25 से अधिक विभाग या फिर क्षेत्र प्रमुख और 15 से अधिक तहसील स्तर के बड़े अधिकारियों के नाम शामिल हैं। इसे अब केवल प्रभारी मंत्री के अनुमोदन का इंतजार है। सूत्रों ने बताया कि गत दिवस प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के साथ संगठन तथा विधायकों की सर्किट हाउस में चर्चा भी हुई थी वहां तीनों लोगों के बीच इन अफसरों के तबादलों को लेकर विचार विमर्श किया गया।

### पुलिस विभाग में करीब 36 नाम

सूत्रों के मुताबिक पुलिस विभाग में करीब 36 नाम शामिल हैं इनमें एक दर्जन से अधिक जिलों उपनिरीक्षक स्तर के अधिकारियों के नाम बताए जा रहे हैं, जबकि शेष नामों आरक्षक प्रधान आरक्षक के हैं। इस स्थानांतरण में इनमें उन अफसरों कर्मचारियों के नाम प्रमुख रुप से शामिल हैं, जिनकी पटरी फिलहाल सत्ता संगठन से नहीं बैठ पा रही। या फिर इनके खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही हैं। कई कर्मचारी लंबे समय से एक ही जगह पदस्थ हैं। इस सूची को तैयार करने के पहले भी विधायकों के साथ बीजेपी संगठन से मंत्रणा का क्रम चल रहा है। क्षेत्रीय स्तर पर विभाग और विधायकों के इलाके में पदस्थ अफसरों की कार्यशैली के बारे में भी फीडबैक लिया गया। उन अफसरों पर भी चर्चा कर निर्णय लिया जो कोरोना में न केवल असफल रहे हैं बल्कि कई अन्य कारणों से विवादास्पद बने हुए हैं। इसके अलावा कांग्रेस की कमलनाथ सरकार के समय पदस्थ हुए कर्मचारियों को बदलना भी तय कर लिया गया है। पाला बदलकर सत्ताशीन नेताओं के साथ समन्वय बनाने में असफल रहे सरकारी अमले को मौजूदा स्थानों से हटाया जाना तय है, लेकिन उन्हें किसी दूसरे को कमान देने की में जद्दोजहद जारी है जो अगले एक सप्ताह में पूरी हो जाएगी। सूत्रों के अनुसार फरवरी के अंत तक प्रभारी मंत्री का कटनी आगमन हो सकता है।

# जयंती पर संत रविदास जी की भव्य शोभायात्रा निकली

**कटनी।** कटनी जिले के राम निवास वार्ड में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्वामी गुरुजी रविदास जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई जिसमें विभिन्न समाज के लोग शामिल हुए। कल कटनी में कई स्थानों पर संत रविदास जयंती मनाई गई। सांसद तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भी विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। रामनिवास सिंह वार्ड में निकली रविदास जी की शोभायात्रा में कांग्रेस के पूर्व पार्षद राजेश जाटव, विक्की चौधरी, लखन चौधरी, आशीष तिवारी, मुमताज खान, राजेश हिंडोरिया, नवाव खान, दसरथ जाटव, वीरू इंजीनियर, रमेश शर्मा, अभिषेक शर्मा, गोलू जायसवाल, एडवोकेट शेलेन्द्र जैन, भूपेंद्र जैन, शेलेन्द्र सिंह, जीपी चौधरी, जीत जसवाल एडवोकेट, मुन्ना भाईजान, विनोद पंडा, मंगल सिंह, जग्गी जाटव, नितिन चावरे, लीलाधर जाटव, अशोक वर्मा, शरद यादव, सहित कई सैकड़ों लोग उपस्थित थे। शोभायात्रा का राम निवास सिंह वार्ड के शंकर मन्दिर से पाठक वार्ड में मिथलेश जैन कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने स्वागत किया। उपरांत जुलूस मदन मोहन चौबे वार्ड से होते हुए लक्ष्मी पान भंडार से मस्जिद के पास राजेश जाटव ने फूल माला पहनाकर कर मिठाई बिस्किट बांटा गया रंगनाथ मन्दिर में समापन किया गया।



## अरुणोदय 2022

# पं. अरुण शुक्ला स्मृति पत्रकारिता सम्मान व पुरस्कार समारोह

## 20 को पूर्वान्ह 11.30 बजे से


पं. श्री अरूण शुक्ला


श्रीमती सुशीला शुक्ला


श्रीमती माया शुक्ला



### केन्द्रीय राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल होंगे मुख्य अतिथि



### राज्य सभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा वर्चुअल देंगे संबोधन

**जबलपुर।** पत्रकार श्री पं. अरुण शुक्ला स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार, श्रीमती माया शुक्ला स्मृति महिला पत्रकारिता पुरस्कार व श्रीमती सुशीला शुक्ला स्मृति श्रेष्ठ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पुरस्कार समारोह अरुणोदय 2022 का आयोजन प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पं.अरुण शुक्ला के जन्मदिन एवं निर्वाण तिथि 20 फरवरी की पूर्वान्ह 11.30 बजे से अरुणोदय यशभारत कार्यालय परिसर शताब्दिपुरम में आयोजित किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि केन्द्रीय खाद्य एवं प्रसंस्करण, जल शक्ति राज्य मंत्रि प्रहलाद सिंह पटैल होंगे। राज्य सभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा समारोह को वर्चुअल संबोधन देंगे। अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार राजेश पांडेय करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में तेंदूखेड़ा विधायक संजय शर्मा,जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन,रादुविवि के कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र मौजूद रहेंगे। आयोजन समिति के प्रमुख आशीष शुक्ला ने बताया कि इस गरिमामय आयोजन में पिछले ढाई दशक से ज्यादा समय से देश, प्रदेश और शहर के प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में नगर के श्रेष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया जाता आ रहा है। श्रेष्ठ पत्रकारों का चयन शहर के प्रतिष्ठित संपादकों की चयन समिति जिनमें हिन्दी एक्सप्रेस के संपादक रविन्द्र वाजपेयी, दैनिक भास्कर के समाचार संपादक पंकज शुक्ला, पत्रिका के संपादक गोविन्द ठाकरे, नई दुनिया के जितेन्द्र रिछारिया ,प्रदेश टुडे के संपादक पंकज पटैरिया,यशभारत के संपादकीय प्रभारी प्रवीण अग्रहरि ने किया। जिसमें वर्ष 2022के लिए श्री अरुण शुक्ल स्मृति वरिष्ठ पत्रकारिता सम्मान यश भारत के विनोद वैद्य,युवा पत्रकारिता सम्मान दैनिक भास्कर के राजेन्द्र शर्मा, पत्रिका के अफरोज खान, नई दुनिया के ब्रजेश शुक्ला, प्रदेश टुडे के अनिल दीक्षित को दिया जाएगा। श्रीमती माया देवी श्रेष्ठ महिला पत्रकारिता पुरस्कार दैनिक भास्कर की श्रीमती मंजू पांडे को , इलेक्ट्रानिक मीडिया से न्यूज 18 के प्रतीक अवस्थी को मिलेगा। समारोह में श्रीमती सुशीला शुक्ला की स्मृति में महिला एवं बाल विकास विभाग से चयनित दो सर्वश्रेष्ठ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती कविता जायसवाल आंगनबाड़ी केन्द्र 60 दीनदयाल वार्ड एवं श्रीमती ऊषा कोष्टा आंगनबाड़ी केन्द्र 57 केंट वार्ड को भी सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान टेलीफोन डायेक्टरी अरूणोदय 2022 का विमोचन भी अतिथियों के द्वारा किया जाएगा।


श्रीं राजेश पांडेय


श्री संजय शर्मा


डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन



प्रो. कपिल देव मिश्र

# झिंझरी में विधिक जागरूकता के लिए जानकारी



**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष श्यामाचरण उपाध्याय के मार्गदर्शन में, जिला न्यायाधीश व सचिव दिनेश कुमार नोटिया के दिशा-निर्देशन में आंगनवाड़ी केंद्र झिंझरी जिला कटनी में विधिक साक्षरता शिविर, जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त अवसर पर पीएलव्ही मनीषा प्यासी ने उपस्थित बच्चों एवं महिलाओं को घरेलु हिंसा, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, गुड टच एवं बैड टच, महिलाओं के स्वास्थ्य अधिकार, मध्यप्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, एसिड हमले के पीड़ितों के लिये विधिक सेवा योजना, आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन के लिये विधिक सेवा योजना, मध्यस्थता, लोक अदालत तथा निश्शुल्क हेल्पलाइन नंबर 15100 के संबंध में जानकारी प्रदान की। साथ ही न्यायालयीन कार्य को सरल एवं सुगम बनाने के लिए ई-सेवा एवं ई-न्यायालय से संबंधित जानकारी दी। डा. आरके सिंह द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को पौष्टिक आहार एवं खान-पान से संबंधित जानकारी प्रदान की गयी। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनीता तिवारी ने सेनेटरी नेपकिन कार्नर एवं किशोरी बालिकाओं के स्वास्थय एवं सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्रदान की। उक्त कार्यक्रम में फील्ड कोर्डिनेटर मोनिका जैन, ज्योति वर्मन, सावित्री सोनी, माला बेन, प्रियंका यादव, सुनीता लखेरा, प्रीति विश्वकर्मा, लाडली यादव, फूलबाई, दीपांजलि तिवारी, राधिका चौधरी, दीपाली तिवारी, राम पटेल, अंशिका, आराधना, सोना आदि उपस्थित रहे।

नीरज सिनेप्लेक्स में



ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 11 से 12,3 एवं सायं 6 बजे से
खिलाड़ी
(हिन्दी में)
कलाकार- रवि तेजा, मीनाक्षी चौधरी, सचिन खेड़ेकर, मुकेश ऋषि आदि।
टिकट दर- बॉक्स- 120/-, बालकनी क्लास-100/- अपर क्लास-80/-, लोवर क्लास -60/-

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

# सब्जी और होटलों का कचरा सबसे ज्यादा फैला रहा गंदगी



कटनी। कटनी में भले ही नगर निगम प्रयास कर रहा है कि फिर से स्वच्छता सर्वेक्षण में कटनी को स्थान मिल जाए लेकिन उसका अमला कोशिशों पर पलीता लगाता दिख रहा है। नगर निगम इन दिनों सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने को लेकर लगातार प्रयास कर रही है। दो पालियों में सफाई का कार्य शहरी क्षेत्र में कराया जा रहा है। स्वच्छता सर्वेक्षण के मानकों में खरा उतरने का प्रयास कर रहे नगर निगम के रास्ते बड़ी बाधा सड़क पर फैल रहा कचरा बन सकता है। घंटाघर क्षेत्र में डस्टबीन नहीं होने से सड़क पर कचरा फैला रहता है। अधिकांश स्थानों की डस्टबीन या तो टूट गई है या फिर उसे कोई ले गया है। डस्टबीन नहीं होने से लोग सड़क पर कचरा फैकने को मजबूर हैं। जिला अस्पताल के बाहर लगाई डस्टबीन करीब एक महीने पहले टूट गई थी, अब वहां पर डस्टबीन का नामोनिशान नहीं है।

### ननि की उदासीनता सफाई पर पड़ेगी भारी


कई प्रमुख स्थानों में प्रमुख सार्वनिक आफिसों के बाहर डस्टबीन लगाई गई थी, लेकिन अब वहां पर भी डस्टबीन नहीं है। डस्टबीन नहीं होने से सड़क पर कचरा फैंका जा रहा है। नगर निगम इन दिनों सर्वेक्षण के निर्धारित मापदंडों को पूरा करने के लिए दो पालिया में सफाई करा रही है। अधिकांश स्थानों में सफाई कर्मी करते हुए नजर भी आ रहे हैं। नालियों की सफाई भी नगर निगम द्वारा कराई जा रही है। ऐसे में डस्टबीन लगाए जाने को लेकर बरती जा रही उदासीनता नगर निगम द्वारा कराई जा रही सफाई व्यवस्था पर भारी पड़ सकती है। नपा ने जिला अस्पताल के बाहर एक डस्टबीन लगाई गई थी। व्यापारी इस डस्टबीन में कचरा फैंकते थे, करीब एक महीने से डस्टबीन वहां पर नहीं है। लोगों का कहना है कि डस्टबीन टूट गई थी, इसी वजह से उसे हटा दिया गया है। डस्टबीन टूट जाने के बाद नगर निगम को वहां पर दूसरी डस्टबीन लगान चाहिए थी, लेकिन नगर निगम ने अब तक वहां पर डस्टबीन नहीं लगाई है। घंटाघर में तो हर दिन सड़क पर ही कचरा फैंका जा रहा है, कचरा उठाने वाले वाहन के कर्मचारी वहां से कचरा उठाकर ले जाते हैं, लेकिन दूसरे दिन फिर कचरा सड़क पर फैला मिलता है, जिसका कारण वहां पर डस्टबीन का नहीं होना है। कचरे फैलने का प्रमुख कारण यहां लगने वाला जहां तहां सब्जी व्यापार भी प्रुमुख है। सब्जियों से कचरा फैला कर दुकानदार चले जाते हैं जिसे आवारा पशुओं के द्वारा सड़क पर फैला दिया जाता है। इसके अलावा कुछ होटलें भी शहर के अंदर ऐसी हैं जहां लोग सुबह से नास्ता पानी करते हैं जिनके पत्तल दोना आदि सड़क पर बिखेर दिये जाते हैं।

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 3 शो ता. 11 से 1,4 एवं सायं 7 बजे से




बधाई दो
कलाकार- राजकुमार राव, भूमि पेडनेकर शीबा चड्डा, हनी यादव आदि।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज




रोजाना 3 शो ता. 18 से 12.30, 3.30 एवं सायं 6.30 बजे से
UNCHARTED
(हिन्दी में)
कलाकार- टॉम होलेंड, सोफिया टेलर, एनटोनियो, ब्रायन क्रेस्टन आदि।

# फर्स्ट इयर की छात्राओं को दी प्रोजेक्ट की जानकारी

### गर्ल्स कॉलेज में व्यावसायिक परियोजना कार्य इन्टरनशिप कार्य हेतु इंडक्शन कार्यक्रम





**कटनी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. आर के गुप्ता के मार्गदर्शन में उच्च शिक्षा विभाग की नवीन शिक्षा नीति के संदर्भ में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रथम वर्ष की छात्राओं को परियोजना कार्य, इन्टरनशिप के संदर्भ में जानकारी देने एवं पाठ्यक्रम की व्यावहारिक उपयोगिता से परिचित कराने के लिए महाविद्यालय के कला संकाय द्वारा डॉ. विमला मिंज, के. जे. सिन्हा, श्रीमती वंदना मिश्रा, डॉ. किरण खरादी, श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव, अमिताभ पाण्डेय ने अपने व्याख्यान में छात्राओं को इससे अवगत कराया और आवश्यक तैयारियों के संदर्भ में मार्गदर्शन दिया गया। इस दौरान एन.जी.ओं से उपस्थित प्रतिनिधियो ने इससे होने वाले लाभ और भविष्य में रोजगार प्राप्त करने के अवसरों और स्वरोजगार के संबंध में छात्राओं को अवगत कराया और परियोजना कार्य, इन्टरनशिप में उनकी मदद करने का आश्वासन दिया। इस इंडक्शन कार्यक्रम में श्रीमती नेहा चौधरी, डॉ. अशोक शर्मा, प्रेमलाल कॉवरे, भीम बर्मन, फूलचंद कोरी, डॉ अंकुर श्रीवास्तव, डॉ. स्मिता यादव एवं स्नातक कला संकाय की सभी छात्राएं उपस्थित रहीं।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, गुरूवार, 17 फरवरी 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# दो साल बाद हो रहे बोर्ड परीक्षा को लेकर छात्रों में उत्साह

## 101 परीक्षा केन्द्रों में आज हुई बारहवीं की परीक्षा, कल से दसवीं के एग्जाम

**कटनी।** करीब दो साल बाद ऑफलाइन हो रही एमपी बोर्ड परीक्षाओं को लेकर छात्रों में उत्साह नजर आया। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा संचालित हायर सेकेंडरी कक्षा बारहवीं की परीक्षाएं आज गुरूवार से शुरू हो गई हैं। पहले दिन 12वीं का अंग्रेजी विषय का पेपर कराया गया। विद्यार्थियों को सुबह 08:30 बजे परीक्षा केंद्र पहुंचने का समय तय किया गया था, जबकि परीक्षाएं सुबह 10 बजे से 1 बजे के बीच संपन्न कराई गईं। परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए छात्र सुबह से ही परीक्षा केन्द्र पहुंचने लगे थे। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि कोरोना संक्रमण के चलते करीब दो साल बाद स्कूलों में एमपी बोर्ड की परीक्षाएं आफलाइन आयोजित हो रही हैं। 2022 में तो परीक्षाओं का आयोजन नहीं हो सका था। पहले दिन बच्चों में परीक्षाओं को लेकर काफी उत्साह नजर आ रहा है। परीक्षा केंद्रों पर कोरोना गाइडलाइन के मुताबिक समुचित इंतजाम किए गए हैं। सभी छात्रों को मास्क, सैनिटाइजेशन के बाद ही परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। आज 12वीं के बाद कल 18 फरवरी से कक्षा दसवी की परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। इस बार 12वीं में जिले मे कुल 11 हजार 623 और 10वीं में 18 हजार 922 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 101 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के दौरान कोविड गाइडलाइन का पालन अनिवार्य किया गया है। बताया जाता है कि कक्षा 10वीं के पेपर शुक्रवार से आरंभ होंगे। इस बार 10वीं-12वीं परीक्षा के प्रश्न-पत्र का पैटर्न बदल दिया गया है। परीक्षा में 40 फीसद अंक के वस्तुनिष्ट, 40 फीसद अंक के सब्जेक्टिव और 20 फीसद अंक के तार्किक प्रश्न पूछे जाएंगे। नकल रोकने अधिकारी पूरे समय निरीक्षण करते रहे।



केसीएस स्कूल में बनाए गए परीक्षा केन्द्र में एग्जाम देते हुए कक्षा बारहवीं के विद्यार्थी।

### डीईओ ने किया बहोरीबंद के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वीपाल सिंह ने आज उड़नदस्ते के अन्य अधिकारियों के साथ बहोरीबंद विकासखंड क्षेत्र के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। जिसमे शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी विद्यालय बहोरीबंद, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहोरीबंद, बचैया हायर सेकेंडरी विद्यालय एवं बाकल हायर सेकेंडरी विद्यालय शामिल है। डीईओ ने बताया कि सभी परीक्षा केन्द्रों में शांतिपूर्वक तरीके से बोर्ड परीक्षाएं संपन्न हो रही है। केन्द्राध्यक्ष और सहायक केन्द्राध्यक्ष को परीक्षा के आयोजन में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

### मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता के लिए 15 मार्च तक जमा होंगी प्रविष्ठियां

**कटनी** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आयोजित मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता मेरा वोट मेरा भविष्य है, ताकत एक वोट का आयोजन किया जा रहा है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते ने बताया कि आयोग राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से हर वोट के महत्व को समझाने के लिए प्रतियोगिता आयोजित किया जा रहा है। सभी आयु समूहों के लिए पांच प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, जिसकी प्रविष्टियां ऑनलाइन 15 मार्च तक जमा होंगी। निर्धारित विषय पर प्रश्नोत्तरी, स्लोगन, गीत, वीडियो निर्माण और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### जाहिद हुसैन सिद्दीकी को मातृ शोक

**कटनी।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के संभागीय सचिव जाहिद हुसैन सिद्दकी की वयोवृद्ध मातु श्री का कल जबलपुर में उपचार के दौरान आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से भट्ठा मोहल्ला क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज दोपहर 1 बजे भट्ठा मोहल्ला स्थित निवास से निकाली गई। अंतिम संस्कार कब्रिस्तान में किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में सभी वर्गों के लोगों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।



# संत ने समाज को बताया शिक्षा का महत्व- सांसद

## संत रविदास जयंती समारोह का आडिटोरियम में हुआ आयोजन





**कटनी।** संत शिरोमणी रविदास जी का शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने समाज को शिक्षा का महत्व बताया। संत रविदास ने सामाजिक समरसता और समाज को एकसूत्र में बांधने का कार्य किया। आज उनके बताए विचारों पर चलने का सभी संकल्प लें। यह बात संत रविदास जयंती पर नगर निगम के दीनदयाल आडिटोरियम बस स्टैंड में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि के रूप में कटनी-खजुराहो सांसद व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने कही। श्री शर्मा ने कहा कि केन्द्र व राज्य की सरकार अनुसूचित जाति वर्ग के लिए लगातार काम कर रही है। सांसद ने कहा कि वर्ग के ऐसे युवक-युवतियां जो किसी न किसी क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं, उनके लिए मिलकर योजना बनाएं ताकि होनहार युवा आगे आकर अच्छे पदों में पहुंचकर हमारे क्षेत्र का मान बढ़ाएं। सांसद श्री शर्मा ने समाज के लिए सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन निर्माण कराने को लेकर स्थल चयन आदि की व्यवस्था करने के निर्देश भी मंच से दिए। इस दौरान अतिथि के रूप में विजयराघवगढ़ विधायक संजय सतेन्द्र पाठक, मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल भी मौजूद थे। विधायक श्री पाठक ने उपस्थितजनों को जयंती की शुभकामनाएं दीं और सांसद श्री शर्मा के समक्ष बरही क्षेत्र में समाज के लिए भवन निर्माण कराने की मांग रखी। मुड़वारा विधायक श्री जायसवाल ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार समाज के विकास व उत्थान के लिए बहुत सी योजनाएं चला रही है और नवीन योजनाएं भी आ रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी मिलकर योजनाओं को वास्तविक जनों तक पहुंचाने के लिए सभी मिलकर काम करेंगे।

**विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक, संदीप जायसवाल हुए शामिल, उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मंच से किया सम्मानित**

इससे पहले कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जिला स्तरीय कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि पहले अशासकीय आयोजन जयंती के अवसर पर होते थे। शासकीय स्तर पर जयंती कार्यक्रम के आयोजन के पीछे सरकार की मंशा यह है कि हम संतश्री के दर्शन को हम जीवन में शामिल कर सकें। उन्होंने कहा कि सभी वर्गों के लिए हम जिले में ऐसा वातावरण बनाएंगे जैसा की संत शिरोमणी ने कल्पना की थी। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने संत रविदास का पूजन व माल्यार्पण कर किया। जिसके बाद कन्या पूजन किया गया। साथ ही प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का भी सीधा प्रसारण कार्यक्रम के दौरान किया गया।

### विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के दौरान अनुसूचित जाति वर्ग के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का अतिथियों ने मंच से सम्मान किया। शिक्षा, खेल, समाजसेवा, मेघावी छात्रों के सम्मान के साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं से भी हितग्राहियों को लाभांवित किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व नगर निगम अध्यक्ष संतोष शुक्ला, पूर्व भाजपा अध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत जगदीश चंद्र गोमे, अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो, आयुक्त नगर निगम सतेन्द्र धाकरे, संयुक्त कलेक्टर साधना परस्ते सहित जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन, नगर निगम के अधिकारी मौजूद थे।



# रीठी में भव्यता से मनी संत रविदास की जयंती

### वरिष्ठ नागरिकों का किया गया सम्मान

**रीठी।** जनपद पंचायत रीठी में कल बुधवार को भव्यता के साथ प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति तथा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संत शिरोमणि रविदास महाराज की जयंती रीठी के आजाद चौक में मनाई गई। इस अवसर पर संत रविदास जी के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माला पहनाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंचासीन जनप्रतिनिधियों का स्वागत फूलमाताओं से किया गया। प्रशासनिक निर्देशन पर ग्रामीणों द्वारा संत शिरोमणि रविदास जी महाराज को याद किया गया। ज्ञात हो कि सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में आज संत रविदास जी की जयंती मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मनाई गई, जिसका सीधा प्रसारण भी टीवी चैनलों के माध्यम से दिखाया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत रीठी की अध्यक्ष रोशनी चन्दन सिंह, सीईओ ज्ञानेंद्र मिश्रा, तहसीलदार विजय द्विवेदी, एपीओ अजीत सिंह, जय लाल पांडे, अवधेश मिश्रा, पूरन लाल चौधरी, आनंद चौधरी आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान किया गया।





# आश्रम में 23 फरवरी को मनाई जाएगी संत गाडगे की जयंती

### पूजा अर्चना, भजन कीर्तन के साथ भंडारे का आयोजन

**कटनी।** समस्त रजक समाज विकास समिति कटनी के तत्वाधान में समिति अध्यक्ष कोदूलाल रजक के निर्देशानुसार संत शिरोमणि गाडगे महाराज जी की 146वी जयन्ती संत गाडगे आश्रम पहरुआ गल्ला मंडी के पीछे विविध कार्यक्रमों के साथ बड़े धूमधाम से मनाई जायेगी। जयन्ती समारोह के कार्यक्रम दीप प्रज्जवलित, पूजा अर्चना, कीर्तन भजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नगर के गणमान्य नागरिकों, समाज के प्रबुद्ध वर्गों समाजसेवियों का स्वागत सम्मान छात्र-छात्राओं का सम्मान, युवक-युवती परिचय सम्मेलन आदि ततपश्चात भण्डारा प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन किया जायेगा। समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा सभी स्वजातीय बधुओं, माताओं, बहनों, बुजुर्गों, युवा साथियों से ज्यादा ज्यादा संख्या में पधारकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया गया है।

# देर शाम घोषित हुए रेडक्रॉस सोसायटी के चुनाव के नतीजे

## सुशील शर्मा, गोविन्द सचदेवा, डॉ. साक्षी जैन, एम जे एस लाम्बा सहित 10 सदस्यीय नवीन कार्यकारिणी गठित

**कटनी।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के चुनाव बुधवार को जिला चिकित्सालय में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए। सुबह 11 बजे से 3 बजे तक हुई वोटिंग के बाद शाम को मतगणना कराई गई और देर शाम नतीजे घोषित किए गए। जिसमे चार्टड एकाउटेंट सुशील शर्मा, डॉ. साक्षी जैन, प्रतिष्ठित व्यवसायी रमेश कुमार खण्डेलवाल, समाजसेवी एम जे एस लांबा, लालजी शर्मा, गोविंद सचदेवा, अंकित जैन, सारंग बजाज, अग्रज लहरिया एवं दीपक अग्निहोत्री निर्वाचित घोषित किए गए। डॉ. साक्षी जैन को सर्वाधिक 332 मतदाताओं ने मतदान किया। 10 सदस्यीय कार्यकारिणी के गठन के बाद अब रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। गौरतलब है कि रेडक्रॉस सोसायटी कटनी की प्रबंधकारिणी समिति के 10 सदस्यों के निर्वाचन के लिए कल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सभाकक्ष जिला चिकित्सालय में मतदान कराया गया था। 10 पदों के लिए कुल 13 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे थे। जिसमे से 10 सदस्यों का निर्वाचन हुआ। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य एवं सचिव डॉ यशवंत वर्मा ने बताया कि रेडक्रॉस सोसायटी के चुनाव के लिए 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक मतदान कराया गया। चुनाव अधिकारी डॉ. एल. एन. खंडेलवाल, डॉ. वाय सुब्बाराव एवं डॉ. राजेन्द्र ठाकुर की उपस्थिति में मतदान के बाद मतगणना कराई गई। 3 बजे तक मतदान संपन्न होने के बाद सभाकक्ष में ही मतगणना कराई गई, इसके बाद नतीजे घोषित किए। रेडक्रॉस सोसायटी के चुनाव में कुल 759 मतदाताओं में 437 मतदाताओं ने मतदान किया। मतगणना के बाद जब परिणाम सामने आए तो कुछेक प्रत्याशियों के मतों का अंतर काफी कम रहा। जिसको लेकर प्रत्याशियों की मांग निर्वाचन अधिकारी द्वारा दोबारा मतगणना कराई गई। इसके बाद अंतिम परिणाम घोषित किए गए। अब अध्यक्ष के चुनाव की तारीख घोषित की जाएगी।



### रेडक्रॉस सोसायटी की 10 सदस्यीय नवीन कार्यकारिणी

| निर्वाचित सदस्य | | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| 01. डॉ. साक्षी जैन | - | 332 मत (निर्वाचित) |
| 02. रमेश कुमार खण्डेलवाल | - | 307 मत (निर्वाचित) |
| 03. एम जे एस लाम्बा | - | 297 मत (निर्वाचित) |
| 04. लालजी शर्मा | - | 295 मत (निर्वाचित) |
| 05. गोविंद सचदेवा | - | 290 मत (निर्वाचित) |
| 06. सुशील शर्मा | - | 277 मत (निर्वाचित) |
| 07. सारंग बजाज | - | 277 मत (निर्वाचित) |
| 08. अंकित जैन | - | 259 मत (निर्वाचित) |
| 09 अग्रज लहरिया | - | 226 मत (निर्वाचित) |
| 10. दीपक अग्निहोत्री | - | 209 मत (निर्वाचित) |
| 11. मुरली मनोहर अग्रवाल | - | 207 मत |
| 12. गोपाल पुरवार | - | 188 मत |
| 11. सुनील कुमार दुबे | - | 131 मत |

### 10 सदस्यीय नवीन कार्यकारिणी में केवल एक चिकित्सक !

प्राप्त जानकारी के अनुसार रेडक्रॉस सोसायटी की 10 सदस्यीय नवीन कार्यकारिणी में एक चिकित्सक का ही निर्वाचन हुआ है, बाकी सभी सदस्य व्यवसायी या अन्य वर्ग से आते हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि रेडक्रॉस सोसायटी का कार्यक्षेत्र स्वास्थ्य के अंतर्गत आता है, इसके बावजूद इस क्षेत्र से जुड़े लोगों ने चुनाव में रूचि नहीं दिखाई। अब इसके पीछे क्या कारण है, यह तो वे ही बता सकते हैं। सूत्रों के अनुसार चिकित्सक वर्ग से जुड़े कुछ लोग चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन ऐन वक्त उन्हें अपना मन बदलना पड़ा।

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

Dr
सी. आर. एम.
डे केयर क्लीनिक
डॉ. एस. के. शर्मा, एमडी (मेडिसिन)
वरिष्ठ चिकित्सा एवं छाती रोग विशेषज्ञ
पूर्व सिविल सर्जन, जिला अस्पताल
कटनी (म.प्र.) मो. 9425158548
सुबह 12 से सायं 4 बजे एवं रात्रि 7 बजे से रात्रि 8 बजे तक (रविवार अवकाश)
डॉ. अभिषेक शर्मा (एमबीबीएस)
डिप्लोमा इन कार्डियोलॉजी (पी.जी.डी.सी.सी.) फैलोशिप इन डायबिटिस,
हृदय एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ, पूर्व फीजिशियन जिला अस्पताल
कटनी म.प्र. मो. 8826395999 -
परामर्श समय : सुबह 10:30 बजे से दोपहर 04:30 बजे एवं सायं 06:30 बजे से रात्रि 08:30 बजे तक एवं रविवार प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक
सुविधाएं- ई.सी.जी., टी.एम.टी./ट्रेड मिल टेस्ट, इकोकार्डियोग्राफी, एक्सरसाइज स्ट्रेस इकोकार्डियोग्राफी डोबुटामिन स्ट्रेस इकोकार्डियोग्राफी एवं एक्सरे, पैथोलॉजी, पी.एफ.टी. (फेफड़े की जांच)
पता- डॉ. शर्मा तिराहा, बिहारी सोनी मार्केट, पुरानी बस्ती, आजाद चौक, कटनी, (म.प्र.) फोन- 07622-225824, 8826395999

mgm HOSPITAL We Care with Care
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।
Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक- पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com
NABH

# कलेक्टर ने शिकायत पर एसडीएम बहोरीबंद को दिए जांच के निर्देश



# मृतक को जीवित बताकर तैयार किये कूटरचित दस्तावेज

**कटनी।** सीएम हेल्प लाइन के लंबित प्रकरणों में से स्थानीय समाधान में चयनित शिकायतों के निराकरण को लेकर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने नवाचार करते हुए प्रत्येक मंगलवार को सुनवाई कर निराकरण किए जाने की नवीन व्यवस्था लागू की है। मंगलवार को स्थानीय समाधान में चयनित 6 मामलों पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने सुनवाई की और संबंधित विभाग के अधिकारियों को जांच कर तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किए।

सुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्लीमनाबाद तहसील के प्रकरण में शिकायतकर्ता नीतेश जैन का कहना था कि उनके पिता की मृत्यु के बाद कुछ लोगों ने उनके पिता को जीवित बताते हुए कूटरचित दस्तावेज तैयार किए। शिकायत के निराकरण से आवेदक संतुष्ट नहीं थे। जिसपर कलेक्टर ने शिकायतकर्ता की बात सुनी और एसडीएम बहोरीबंद को मामले की जांच कर तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किए। इसी तरह स्लीमनाबाद तहसील के प्रकरण में शिकायतकर्ता नीतेश ने राजस्व अभिलेखों में मार्गाधिकार व अन्य प्राइवेट सुखाचार संबंधी प्रविष्टि दर्ज किए जाने के संबंध में शिकायत की थी। मामले में कलेक्टर ने सुनवाई करते हुए एसडीएम बहोरीबंद को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किए।

तहसील कटनी शहर के शिकायतकर्ता हीरालाल कोरी ने पिता को मिले शासकीय भूमि के पट्टे को कम्प्यूटर में दर्ज न किए जाने की शिकायत की थी। स्थानीय समाधान में कलेक्टर श्री मिश्रा ने प्रकरण की सुनवाई की और संबंधित शिकायत पर उन्होंने तहसीलदार कटनी नगर को जांच कर तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किए। इसी प्रकार स्लीमनाबाद तहसील के शिकायतकर्ता नरेन्द्र सिंह ने भूमि का सीमांकन न किए जाने को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। निराकरण से शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं थे, जिसके चलते स्थानीय सुनवाई में प्रकरण की सुनवाई कलेक्टर ने की और डिप्टी कलेक्टर मायाराम कोल को भूमि का सीमांकन कराते हुए तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किए। तहसील कटनी ग्रामीण के शिकायतकर्ता प्रवीण कुमार फौती व रकबा सुधार के संबंध में आवेदन दिया था। जिसमें किए गए निराकरण से वे संतुष्ट नहीं थे। मामले में कलेक्टर श्री मिश्रा ने सुनवाई करते हुए तहसीलदार कटनी ग्रामीण को तत्काल फौती नामांतरण की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। एक अन्य मामले में तहसील कटनी शहर के शिकायतकर्ता विजय ने बताया कि बिलगवां में उनकी जमीन पर लगे वृक्ष कुछ लोगों ने काट लिए हैं। जिसकी शिकायत एसडीएम कटनी को की गई लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। प्रकरण स्पेशल क्लोज के लिए प्रस्तावित किया गया था। प्रकरण में कलेक्टर ने सुनवाई की और मौके पर ही तहसीलदार कटनी नगर को जांच कर तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किए।

### सीएम हेल्पलाइन से चयनित 6 लंबित शिकायतों पर कलेक्टर ने की सुनवाई

# शौचालय स्वीकृत किसी को, किसी और के खाते में चली गई राशि

## सालों लंबित रहा मामला, सीएम हेल्पलाइन में शिकायत हुई तो हुआ निराकरण

## पंचायत सचिव निलंबित, तीन अन्य से तीन दिन में कलेक्टर ने मांगा जवाब

**विजयराघवगढ़।** पंचायत सचिव की लापरवाही से विजयराघवगढ़ जनपद की हरदुआ ग्राम पंचायत निवासी गनपत यादव के लिए स्वीकृत शौचालय की राशि गनपत यादव की बजाय रमेश केवट के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दी गई। बेचारा गनपत यादव राशि पाने के लिए अधिकारियों के चक्कर ही लागाता रहा। कहीं से जब उसकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तब उसने सीएम हेल्पलाइन की शरण ली। मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देश पर जिला पंचायत के सीईओ जगदीशचंद्र गोमे द्वारा इस प्रकरण की जांच की गई और जांच के बाद राशि वास्तिविक हितग्राही गनपत यादव के खाते में ट्रांसफर कराई गई।



लापरवाही बरतने वाले पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया गया है। वहीं सहायक विस्तार अधिकारी सहित तीन अन्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत विजयराघवगढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत हरदुआ के हितग्राही गनपत यादव को शौचालय की प्रोत्साहन राशि का भुगतान होना था पर पंचायत सचिव संपत सिंह की लापरवाही से राशि ग्राम में ही रहने वाले रमेश केवट के खाते में चली गई। हितग्राही ने इसकी शिकायत पंचायत सचिव से लेकर जनपद सीईओ तक से की पर कोई निराकरण नहीं निकला। थक हार कर गनपत यादव ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की। जहां से प्रकरण ट्रांसफर होकर सीईओ जिला पंचायत जगदीश चंद्र गोमे तक पहुंचा। जांच में शिकायत सही पाये जाने पर सीईओ श्री गोमे ने पंचायत सचिव हरदुआ संपत सिंह के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए उसे निलंबित कर दिया।

### तीन को कारण बताओ नोटिस

इसी प्रकरण में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा तीन लोकसेवकों को भी कारण बताओ पत्र जारी किया है। जिसमें ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत हरदुआ पूर्णा गौतम, सहायक ग्राम विस्तार अधिकारी सेवानिवृत्त एवं तत्कालीन सुपरवाईजर ग्राम पंचायत हरदुआ मान सिंह तथा ब्लॉक समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ श्रद्धा पाण्डेय को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। जारी कारण बताओ सूचना पत्र में संबंधितों को तीन दिवस के भीतर समक्ष में उपस्थित होकर अपना लिखित प्रतिउत्तर मय प्रमाण सहित प्रस्तुत करने के आदेश दिये गये हैं।

### चार साल बाद हुआ मामले का निराकरण

प्रकरण के तहत सीईओ जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के पत्र के अनुसार सीएम हेल्प लाइन में शिकायतकर्ता विनोद कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें ब्लाक समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में अनुसार ग्राम पंचायत हरदुआ के हितग्राही गनपत यादव का नाम बेस लाइन सर्वे 2012 की पात्रता सूची में लघु सीमांत कृषक की श्रेणी में दर्ज था। जिसकी डिमांड वित्तीय वर्ष 2017-18 में ग्राम पंचायत के द्वारा शौचालय सत्यापन व भुगतान के लिए दर्ज की गई। आनलाइन आवेदन करते समय तत्कालीन सचिव हरदुआ व वर्तमान सचिव ग्राम पंचायत चोरी खाता क्रमांक आदि फीड किया और जनपद पंचायत द्वारा प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया गया। सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायत में अंकित खाता का मिलान करने में सामने आया कि उक्त खाता रमेश केवट का है। जिसके चलते संबधित हितग्राही गनपत को राशि का भुगतान नहीं हो पाया। सचिव ने संबंधित हितग्राही का खाता मिलान किए बिना ही आनलाइन डिमांड जानबूझकर गलत खाता अंकित किया जिससे हितग्राही की प्रोत्साहन राशि का भुगतान पिछले 4 साल से लंबित रहा।

### सचिव ने सही नहीं किया खाते का मिलान

इस स्थिति में प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि संपत सिंह तत्कालीन सचिव ग्राम पंचायत हरदुआ वर्तमान सचिव ग्राम पंचायत चोरी, जनपद पंचायत विजयराघवढ़ द्वारा अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन ना करते हुये बैंक खातों का मिलान सही तरीके से न कर पोर्टल पर कूटरचित तरीके से गलत खाता अंकित किया गया। संबंधित का उक्त कृत्य पदीय कर्तव्यों के विपरीत होकर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना तथा शासन के दिशा-निर्देशों के उल्लंघन किये जाने के साथ ही वित्तीय अनियमितता का द्योतक होने के साथ पदीय कर्तव्यों के वितरीत होकर स्वेच्छाचारिता एवं वित्तीय अनियमितता होने के साथ ही मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (आचरण) 1988 के नियम 3 के तहत कदाचार की श्रेणी में आता है। जिसके चलते सचिव संपदत सिंह को सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे ने तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुये आदेश जारी कर दिया है। निलंबन अवधि में संबंधित का मुख्यालय जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ होगा। इस संबंध में सीईओ जिला पंचायत श्री गोमे द्वारा मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के नियम 4 के तहत आदेश जारी कर दिया गया है। इसी प्रकरण में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत हरदुआ पूर्णा गौतम, सहायक ग्राम विस्तार अधिकारी (सेवा निवृत्त) एवं तत्कालीन सुपरवाईजर ग्राम पंचायत हरदुआ मान सिंह तथा ब्लॉक समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ श्रद्धा पाण्डेय को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।



# समस्याएं लेकर 86 लोग पहुंचे कलेक्ट्रेट

**कटनी।** कलेक्ट्रेट में मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर एमआर कोल ने प्राप्त आवेदनों पर सुनवाई की और संबंधित विभागों को आवेदनों के निराकरण के निर्देश दिए। मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई के दौरान 86 लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे थे। इनमें पड़रभटा निवासी दिव्यांग सिकंदर खान ने आर्थिक सहायता दिलाने, कछगवां निवासी सल्लू पटेल ने भूमि का सीमांकन कराने, बड़ागांव निवासी रामबाई ने पति की मृत्यु पर सहायता राशि दिलाए जाने, खाम्हा निवासी मनोज कुमार व सुभाष वार्ड निवासी कीर्ति बर्मन ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने को लेकर जनसुनवाई में आवेदन दिया। इसके अलावा अन्य आवेदकों ने विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन दिए। जनसुनवाई में एसडीएम विजयराघवगढ़ के 2, एसडीएम कार्यालय कटनी 2, अधीक्षक कलेक्ट्रेट, आबकारी विभाग का एक-एक, आयुक्त नगर निगम 11, ई गर्वनेंस 1, ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा 1, जनपद पंचायत कटनी 3, जनपद ढीमरखेड़ा के 2, जनपद पंचायत बहोरीबंद के 3, जनपद रीठी के 3, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ 3, तहसीलदार कटनी ग्रामीण 5, तहसीलदार ढीमरखेड़ा कार्यालय के 2, तहसीलदार नजूल 1, तहसीलदार बड़वारा के 3, तहसीलदार बरही 1, तहसीलदार बहोरीबंद 2, तहसीलदार रीठी 1, तहसीलदार विजयराघवगढ़ व स्लीमनाबाद के 2-2, नायब तहसीलदार पहाड़ी 1, नायब तहसीलदार सिनगौड़ी के 2, पशु चिकित्सा विभाग का 1, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के 6, भू अभिलेख शाखा 1, महिला बाल विकास विभाग 1, सीएमएचओ आफिस 1, रीडर टू कलेक्टर 1, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग 1, विद्युत विभाग के 12, शिक्षा विभाग 2, संस्थागत वित्त 2, सामाजिक न्याय विभाग कार्यालय व सिविल सर्जन कार्यालय के 1-1 आवेदन आए। जिसपर सभी विभागों को आवेदनों पर कार्रवाई के निर्देश प्रदान किए गए।

### सुनवाई के बाद डिप्टी कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को जारी किए निर्देश

# विजयराघवगढ़ जनपद मुख्यालय में आयोजित हुई संत रविदास जयंती





**विजयराघवगढ़।** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर कल प्रदेश के सभी जिला एवं जनपद मुख्यालयों में सुप्रसिद्ध संत रविदास जी की जयंती पूरे उल्लास के साथ विविध कार्यक्रमों के बीच मनाई गई। जिला एवं जनपदों के अलावा प्रदेश भाजपा के निर्देशन में बूथ स्तर पर भी आयोजन किये गये। इसी कड़ी में विजयराघवगढ़ जनपद पंचायत प्रांगण में जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में संत शिरोमणि रविदास महाराज की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से किया गया। आयोजन में महिला बाल विकास विभाग के परियोजना प्रभारी से लेकर सुपरवाईजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं एवं सहाईकाओं की उपस्थिति रही। परियोजना अधिकारी संतोष अग्रवाल ने कन्या पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तदोपरांत सभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी कन्याओं का पूजन किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में मंच पर आसीन जनप्रतिनिधियों का स्वागत फूल-मालाओं से किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों द्वारा गीत-संगीत के माध्यम से संत रविदास जी की वंदना की गई। किसी ने संत रविदास की रचनाओं का पाठ किया तो किसी ने उनके व्यक्तितत्व पर ही गीत लिखकर उनकी सादगी और महिमा का बखान किया। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिलामहामंत्री एवं विधायक प्रतिनिधि उदयराज सिंह चौहान, विजयराघवगढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष देव मिश्रा, काटी मंडल अध्यक्ष जयवन्त सिंह चौहान, जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम चौधरी, जगदीश दिवान, मिठाई लाल रैदास, पूर्व बीईओ बलरामदास गुप्ता की उपस्थिति रही। प्रशासनिक अधिकारियों मे एसडीएम महेश मंडलोई, तहसीलदार राजेश कौशिक, बीआरसी देवेन्द्र अहिरवार, विजयराघवगढ़ सीएमओ पूजा बुंकर, कैमोर सीएमओ धर्मेन्द्र शर्मा, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी संतोष अग्रवाल, डीईओ आनन्द कोरी, महिला बाल विकास की पर्यवेक्षक मनोरमा श्रीवास्तव सहित कार्यक्रम में पत्रकारों एवं समाजसेवी नागरिकों की भी उपस्थिति रही।

### महिला एवं बाल विकास विभाग के संयोजन में हुआ कार्यक्रम

# आदतन अपराधी दिलीप और सोमनाथ का जिला बदर

## जिला मजिस्ट्रेट ने जारी किया आदेश



**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रियंक मिश्रा ने दो आदतन अपराधियों को जिला बदर के आदेश जारी किये हैं। पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5(क)(ख) के अन्तर्गत संबंधितों के विरुद्ध जिला बदर के आदेश जारी किये गये हैं। जारी आदेश के तहत कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत मझगवां फाटक निवासी दिलीप उर्फ कुम्भकरण पिता दुर्गा प्रसार उम्र 25 वर्ष को एक वर्ष के लिये जिला बदर किया गया है। वहीं माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत फॉरेस्टर वॉर्ड झर्रा टिकुरिया निवासी सोमनाथ आरख पिता शिनंदन आरख उम्र 27 वर्ष को 6 माह की अवधि के लिये जिला बदर के आदेश कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री मिश्रा द्वारा जारी किया गया है। इस आदेश के तहत दोनों अी आदतन अपराधियों को कटनी जिले की राजस्व सीमा सहित समीपवर्ती जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाने का आदेश दिया है। संबंधित जिला बदर किये गये दोनों आदतन अपराधियों को कटनी जिले की राजस्व सीमाओं तथा समीपवर्ती जबलपुर, सतना, दमोह, पन्ना एवं उमरिया की जिले की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाने का आदेश पारित किया है। इस अवधि में न्यायालय की लिखित अनुमति के बगैर जिले की सीमा में प्रवेश नहीं करेंगे। दाण्डिक न्यायालय में नियत पेशी में थाना प्रभारी को सूचना देकर न्यायालय में उपस्थित हो सकते हैं। न्यायालय की पेशी के तुरन्त बाद उसे जिले से बाहर जाना होगा।

# बस स्टेंड में लगाया शिविर, जमा हुए 3 लाख 17 हजार

**कटनी।** वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर निगम स्वामित्व की सपत्तियों के दुकानदारों को बकाया किराया राशि जमा करने की सुविधा एवं निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ती हेतु जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नगर निगम कम्प्यूटर कक्ष एवं जोन कार्यालयों के अतिरिक्त नगर के विभिन्न स्थलों में प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक चार दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बाजार शाखा प्रभारी सुनील सिंह नें जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम स्वामित्व की दुकानों से किराये की शत प्रतिशत वसूली को दृष्टिगत रखते हुए राजस्व विभाग बाजार शाखा के दल के गठित दल द्वारा प्रियदर्शनी बस स्टेण्ड में शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर के के दौरान बस स्टेण्ड के निगम स्वामित्व की दुकानदारों से संपर्क किया 58 रसीद काटी जाकर बकाया किराया राशि के रूप में 317160 रूपये जमा किये गए।









# सुबह और शाम के अलावा अब रात में भी चलेगा सफाई अभियान

**कटनी।** सुबह और शाम की दो पालियों के अलावा अब नगर निगम प्रशासन ने आवश्यक एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर रात्रिकालीन पाली में भी स्वच्छता कार्य प्रारंभ कर दिया है। सफाई व्यवस्था के माध्यम से नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के सार्वजनिक मार्गो, नाले नालियों, डिवाईडर, डस्टबिन की सफाई के प्रयास किये जा रहे है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन तथा प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी के मार्गदर्शन में विगत रात्रि नदीपार स्थित संत रविदास चौराहा, राधिका होटल मुख्य मार्ग सहित बस स्टेण्ड की सफाई की जाकर कचरे के उठाव कार्य कराया गया। सफाई व्यवस्था के दौरान बस स्टेण्ड मैकेनिक नगर, राम मनोहर लोहिया वार्ड मुख्य मार्ग, चांडक चौक, घंटाघर प्वाइंट, झंडा बाजार जैन मंदिर गली, मिशन चौक, शिवाजी वार्ड मुख्य मार्ग, थाना कोतवाली से मिशन चौक, स्टेट बैंक प्वाइंट, एम.जी.एम हास्पिटल प्वाइंट, सिविल लाईन, स्टेशन रोड, कावस जी वार्ड भट्टा मोहल्ला, विवेकानंद वार्ड मुख्य मार्ग, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के विभिन्न स्थलों, एन.एच. 7 मे डॉक्टर सिंह जी के घर के मोड से विध्यवासिनी माता मंदिर तक रोड साईड की सफाई, आचार्य कृपलानी वार्ड स्थित पीडब्ल्यूडी कालोनी सहित नगर के अन्य स्थलों की सफाई कराई जाकर डोर-टू-डोर कचरे के संग्रहण का कार्य किया गया। नगर के विभिन्न सार्वजनिक नाले नालियों की सफाई व्यवस्था के तहत वीर सावरकर वार्ड आधार काप में डॉक्टर बडगैंया के घर के आसपास, बाबू जगजीवन राम वार्ड स्थित विभिन्न सार्वजनिक नालियों, फारेस्टर वार्ड मेंहदी बंगला मुख्य मार्ग, कावसजी वार्ड गडढा टोला मलिन वंशकार बस्ती, राम कृष्ण परमहंस वार्ड स्थित बाबा घाट रोड मुख्य मार्ग, विवेकानंद वार्ड स्थित एम्बुलेंस रोड की नालियों की सफाई, राष्ट्रीय राजमार्ग मुख्मार्ग के नाले की जे.सी.बी मशीन से सफाई का कार्य कराया जाकर सुगम पानी निकासी के प्रयास किये गए।

### नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों में पहुंचे स्वच्छता दूत

## शराब दुकान के बाहर गंदगी देख निगमायुक्त को आया गुस्सा

# कलारी में डस्टबिन रखे जाने के निर्देश

**कटनी।** नगर में चल रहे स्वच्छता अभियान का जायजा लेने निगमायुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे स्वच्छता निरीक्षकों के साथ निकले। नगर निगम के जोन क्रमांक एक के अंतर्गत बस स्टेंड क्षेत्र में शराब दुकान के सामने गंदगी पाये जाने पर निगमायुक्त ने सख्त रवैया अपनाया और अपने साथ चल रहे निरीक्षकों को शराब दुकान संचालक के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये।



नगर की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान अंग्रेजी और देशी शराब दुकान के बाहर और आसपास स्थलों पर पन्नियां एवं डिस्पोजल एवं अन्य अपशिष्ट पाये जाने पर आयुक्त ने जुर्माना लगाने के निर्देश प्रदान किये। शराब दुकान के संचालक को फटकार लगाते हुए कलारी प्रांगण के अंदर डस्टबिन की व्यवस्था करनें तथा रोजाना के एकत्रित अपशिष्ट को निगम के कचरा वाहन में ही देने की हिदायत दी गई। स्थल की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए उपस्थित स्वास्थ्य अमले को आसपास के अवैध टपरो को अलग कराने हेतु निर्देशित किया जाकर दो टूक शब्दों में कहा कि नगर की सफाई व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जावेगा। आप लोग नागरिकों को सार्वजनिक स्थलों पर कचरा न फेकनें हेतु प्रेरित करें व न मानने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही भी करें। नगर के मुख्य मार्गो की सफाई व्यवस्था एवं सुंदरता को दृष्टिगत रखते हुए मिशन चौक, बस स्टेण्ड से पन्ना मोड मुख्य मार्ग, इंदिरा नगर कॉलोनी आदि क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए मुख्य मार्गो में स्थापित डिवाईडरों, पुल एवं पुलियों की बाउन्ड्रीवाल के किनारे तथा मार्गो के किनारे की पन्नियों पाउच आदि की रोजाना सफाई कराने, सार्वजनिक मार्ग में किसी भी प्रकार का सीएंडडी वेस्ट अथवा कबाड पाये जानें पर जप्ती की कार्यवाही करनें के निर्देश प्रदान किये। निरीक्षण के दौरान नागरिकों की सुविधा एवं सुरक्षा हेतु के.सी.एस स्कूल के बाहर स्थित नाले के खुले चेंबर को ढकनें तथा आसपास के पेवर ब्लाक की मरम्मत कराये जानें, एम.जी.एम हास्पिटल के सामनें स्थित फारेस्टर प्लेग्राउण्ड की दीवार में आम नागरिकों द्वारा टायलेट कर गंदगी की समस्या के निराकरण एवं नागरिकों की सुविधा हेतु मूत्रालय की सुविधा मुहैया करानें के निर्देश प्रदान किये गए। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता निरीक्षक महेन्द्र सिंह परिहार, तेजभान सिंह, रवीन्द्र बक्शी सहित क्षेत्रीय वार्ड दरोगा की उपस्थिति रही।

# शहर के जाम ने ली महिला की जान

## सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान घटना ने खोली बेतरतीब यातायात की पोल





### एंबुलैंस जाम में फंसी, अस्पताल पहुंचने के पहले निकल गए प्राण

**कटनी।** पुलिस, प्रशासन व नगर निगम प्रशासन की लाख कोशिशों के बावजूद शहर की यातायात व्यवस्था पटरी पर आने का नाम नहीं ले रही है। ऐसा कोई दिन नहीं जब शहरवासियों के शहर के अंदर जाम की स्थिति का सामना न करना पड़ता हो। वहीं कभी कभार शहर का यह जाम जानलेवा भी साबित हो जाता है। शहर के चांडक चौक में कल बुधवार की शाम लगे भीषण जाम के कारण एंबुलैंस से अस्पताल जा रही एक महिला की जान चली गई। एंबुलैंस जाम में फंस गई और उसमें सवार बीमार महिला ने अस्पताल पहुंचने के पहले ही दमतोड़ दिया। यह सब उस समय हुआ जब पुलिस के द्धारा शहर से लेकर गांव-गांव तक सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक कल बुधवार की शाम कटनी नदी पुल के ऊपर किसी वाहन के बिगड़ जाने के कारण जाम लग गया। एक-एक करके सैकड़ों वाहन जाम में फंस गए और कुछ ही देर में यह जाम मिशन चौक तक पहुंच गया। इस दौरान जाम में एक एंबुलैंस भी फंस गई। जानकारी के अनुसार जगतपुर उमरिया निवासी पान बाई पति भान सिंह हार्ट पेसेंट थी। गंभीर हालत के चलते परिजन इलाज के लिए जबलपुर ले जा रहे थे लेकिन बीच रास्ते में हालत ज्यादा गंभीर होने के कारण परिजन उसे वापस चांडक हॉस्पिटल ला रहे थे। उस दौरान कटनी नदी पुल के ऊपर किसी वाहन के बिगड़ जाने की वजह से शहर में आजाद चौक से बस स्टैंड तक जाम लगा था। जिसके कारण एंबुलैंस जाम में फंस गई। स्थानीय लोगों व राहगीरों ने एंबुलैंस को जाम से निकालने की कोशिश भी की मगर एम्बुलेंस नहीं निकल सकी। जिसके कारण एंबुलैंस में ही पान बाई की अस्पताल पहुंचने के पूर्व मौत हो गई।

### नहीं दिखी यातायात पुलिस, कई ने बदला रास्ता

उधर जाम में फंसे लोग यातायात पुलिस को भी कोश रहे थे। लोगों का कहना था कि भीषण जाम लगने के बावजूद यातायात पुलिसकर्मी नदारद रहे और लोग घंटों जाम से दो दो हाथ करते रहे। इस दौरान जाम में फंसे कई लोगों ने सूझबूझ भी दिखाई और उन्होने आजाद चौक, गाटरघाट, कैलवारा फाटक होते हुए कैलवारा मोड़ पर निकलने वाले रास्ते का भी प्रयोग किया लेकिन कैलवारा मोड़ के बाद फिर उन्हे जाम की स्थिति का सामना करना पड़ा।

### यातायात सुधार के नाम पर केवल चालानी कार्रवाई

वहीं जाम के फंसे कुछ लोगों का यह भी कहना था कि चाहे यातायात पुलिस हो या थानों की पुलिस सभी जगह-जगह यातायात सुधार के नाम पर केवल और केवल चालानी कार्रवाई करते नजर आते हैं। शहर के चारों तरफ पुलिस की चालानी कार्रवाई को देखकर यही लगता है जैसे चालान काट देने मात्र से शहर की यातायात व्यवस्था पटरी पर आ जाएगी।

# सीएम स्वरोजगार का लोन दिलाने के नाम पर महिला से ठगी

### रीठी पुलिस ने दर्ज किया मामला

**कटनी।** मुख्यमंत्री रोजगार योजना के तहत लोन दिलाने का लालच देकर महिला से धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। शिकायत के बाद रीठी थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। रीठी थाना प्रभारी सतीश कुमार तिवारी ने बताया कि ग्राम बिलहरी निवासी संगीता पति बृजेश चौहान उम्र 42 वर्ष के साथ ग्राम सिटी में 7 जुलाई 2021 को आरोपी महिला सुषमा कोरी पति मोहन लाल कोरी निवासी पाठक कटनी के द्वारा लोन दिलाने के नाम पर पैसे लिए गए थे। पीड़ित महिला को शंका होने पर उसने शिकायत दर्ज कराई थी। डीएसपी शालिनी परस्ते के द्वारा मामले की जांच की गई तो पता चला कि आरोपी महिला ने कई लोगों से लोन के नाम पर ऐसे बैठे हैं। जिसके बाद डीएसपी के निर्देश पर आरोपी महिला सुषमा कोरी के विरुद्ध धारा 420 के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच में एक लाख से अधिक की धोखाधड़ी की बात सामने आ रही है। विवेचना के दौरान धोखाधड़ी की राशि एवं पीड़ितों की संख्या में इजाफा हो सकता है।

# बुलेरो से कुचलकर हुई थी युवक की मौत

### बरही पुलिस ने जप्त करते हुए चालक को किया गिरफ्तार

**कटनी।** बरही थाना अंतर्गत तालाब रोड पर पैदल जा रहे 45 वर्षीय युवक को रौंद कर मौत के घाट उतारने वाले वाहन का पुलिस ने सुराग लगा लिया है। दुर्घटना को अंजाम सफेद रंग की बुलेरो जीप ने दिया था। जिसके चालक के विरूद्ध मामला दर्ज करते हुए पुलिस ने न केवल बुलेरो वाहन को जप्त कर लिया है बल्कि उसके चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि बरही के वार्ड क्रमांक 8 निवासी 45 वर्षीय कमल कुमार पिता शिवप्रसाद दाहिया बीती 9 फरवरी की शाम लगभग 8 बजे जब तालाब रोड पर पैदल जा रहा था। उसीदौरान उसे अज्ञात सफेद रेग की बुलेरो जीप रौंदते हुए निकल गई थी। जिसके कारण कमल की मौत हो गई थी। पुलिस ने अज्ञात बुलेरो चालक के विरूद्ध अपराध क्रमांक 114/22 धारा 279, 337, 304ए के तहत मामला दर्ज कर उसकी पतासाजी शुरू की थी। टीआई अरविंद जैन के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक दिनेश गौतम, प्रधान आरक्षक व्यास गुप्ता एवं आरक्षक सौरभ पटेल द्वारा अज्ञात बोलेरो वाहन की पतासाजी के लिए लगातार कड़ी मेहनत की गई। अनेक लोगों से पूछताछ की गई एवं सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गए। जिसमें पुलिस को सफलता मिली और पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने के आरोप में बुलेरो जीप क्रमांक एम.पी.21सीबी-0642 को जप्त करते हुए उसके चालक उमेश विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि मृतक कमल दहिया अपने वृद्ध दिव्यांग पिता शिव कुमार दहिया का इकलौता पुत्र था। जिसकी वाहन दुर्घटना में मृत्यु होने से संपूर्ण परिवार पर गहन संकट छा गया है।



### छिवकी स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते रेलवे का निर्णय

# कुछ दिन कटनी तक ही चलेगी इटारसी-प्रयागराज एक्सप्रेस



**कटनी।** प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते इस रेलखंड की कुछ गाड़ियों को निरस्त व कुछ को आंशिक रूप से निरस्त किया जा रहा है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज जंक्शन मंडल के नैनी-प्रयागराज छिवकी रेल खण्ड पर तीसरी रेल लाइन को जोड़ने के लिए प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग के लिए नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जाना है। जिसके कारण कुछ गाड़ियों को निरस्त एवं कुछ को आंशिक निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 01665 रानी कमलापति-अगरतला साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 24 फरवरी 2022 और वापसी में गाड़ी संख्या 01666 अगरतला-रानी कमलापति साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 27 फरवरी 2022 को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11117 इटारसी-प्रयागराज छिवकी एक्सप्रेस 17 फरवरी 2022 से 28 फरवरी 2022 तक और वापसी में गाड़ी संख्या 11118 प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस 18 फरवरी 2022 से 28 फरवरी 2022 तक कटनी स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट/ओरिजिनेट होगी। अर्थात कटनी-प्रयाराज छिवकी-कटनी के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी। इसके साथ ही रेक को बैलेंस करने के लिए गाड़ी संख्या 11118 प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस 01 मार्च 2022 को प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

# सवारियों से भरी बस पलटी, कई यात्री घायल




### घायल यात्रियों में महिलाएं व बच्चे भी शामिल, रीठी-बिलहरी मार्ग पर परौहा पिपरिया गांव के पास दुर्घटना

**कटनी।** रीठी से बिलहरी होते हुए जबलपुर जा रही एक निजी यात्री बस आज सुबह कुठला थाना क्षेत्र की बिलहरी पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम परौहा पिपरिया के पास तेज रफ्तार में अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसके कारण बस में सवार एक दर्जन से अधिक सवारियां घायल हो गईं। घायलों में महिलाएं व बच्चे भी शामिल हैं। सभी घायलों को जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां मामूली रूप से घायल हुए यात्रियों को प्रारंभिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई जबकि गंभीर रूप से घायल यात्रियों को भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। दुर्घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पांडे बस सर्विस की बस क्रमांक सी.जी.07ई-6012 रोज की तरह आज सुबह सवारियां लेकर रीठी से बिलहरी होते हुए जबलपुर के लिए रवाना हुई।

बताया जाता है कि रीठी के बाद बिलहरी से सवारियां लेकर जब बस सिहोरा के लिए रवाना हुई। उसीदौरान ग्राम परौहा पिपरिया के बीच अचानक चालक बस पर से नियंत्रण खो बैठा और तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसके कारण बस में सवार महिलाओं व बच्चों सहित लगभग एक दर्जन से अधिक सवारियां घायल हो गईं।

यात्रियों में चीख पुकार मची तो ग्रामीण मदद के लिए दौड़े और दुर्घटना की सूचना बिलहरी चौकी पुलिस को देते हुए बस के अंदर फंसे घायलों को बाहर निकालने के प्रयास शुरू किए। उधर सूचना मिलने के बाद बिलहरी पुलिस चौकी प्रभारी के.के.पटेल भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद सभी घायलों को एंबुलैंस सहित दूसरे वाहनों से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया गया। जहां मामूली रूप से घायल हुए यात्रियों को प्रारंभिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई जबकि गंभीर रूप से घायल यात्रियों को भर्ती कर उपचार शुरू किया गया।

# रिसोर्ट का वेटर ही निकला मोबाइल चोर

### बरही पुलिस ने सागर से गिरफ्तार कर बरामद किया मैनेजर का आईफोन

**कटनी।** बरही थाना अंतर्गत स्थित बिरूहली रिसोर्ट के मैनेजर का एप्पल कंपनी का आईफोन चोरी हो गया। चोरी करने वाला चोर कोई और नहीं होटल का वेटर ही था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए मोबाइल बरामद कर लिया है। बरही थाना प्रभारी अरविंद जैन से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम बिरूहली स्थित निर्मल छाया नेचर रिसोर्ट के मैनेजर साहिब घोष का 60 हजार रुपये कीमती एप्पल कंपनी का आईफोन चोरी हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई। बरही पुलिस द्वारा मामले में एफआईआर दर्ज कर चंद घंटों के अंदर मोबाइल चोर को बीना जिला सागर से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी ने मोबाइल फोन चोरी करने के बाद सिम निकाल कर अलग कर दी थी और मोबाइल को बंद कर लिया था। बताया जाता है कि टीआई अरविंद जैन के निर्देशन में सहायक उपनिरीक्षक विनोद चौधरी एवं प्रधान आरक्षक अजय पाठक के द्वारा रिसोर्ट में बारीकी से जांच पड़ताल की गई। रिसोर्ट में काम करने वाले करीब डेढ़ सौ कर्मचारियों, लेबर एवं बेटर आदि से पूछताछ कर छानबीन किए जाने पर सुनील अहिरवार पिता दाल चंद अहिरवार उम्र 27 वर्ष निवासी छोटी बजरिया बीना जिला सागरजो विगत कुछ दिनों से रिसॉर्ट में वेटर का काम करता था। वारदात के बाद अचानक गायब हो जाना पाया गया। बरही पुलिस द्वारा बीना जिला सागर में संदेही सुनील अहिरवार के घर पर रेड की गई और रिसोर्ट से चोरी किया मैनेजर का आईफोन मोबाइल वेटर सुनील अहिरवार से जप्त करने में सफलता प्राप्त की। आरोपी को बरही न्यायालय पेश किए जाने पर कटनी जेल भेज दिया गया।

**बेचना है**

द्वारका सिटी, बरगवां कटनी में पानी की टंकी के पास मकान नं. 236, 237 बेचना है। प्रत्येक 480 वर्गफुट का स्वतंत्र मकान छत सहित। एक कमरा, किचिन, लेटबाथ, के साथ बरामदा (क्लोज) तत्काल बेचना है। शीघ्र संपर्क करें- मो. 9977761441 9425859026

**सूचना**

मैं शैलेष अग्रवाल पिता श्री पुरुषोत्तमदास अग्रवाल आयु लगभग 41 वर्ष निवासी गुरुनानक वार्ड कटनी तहसील व जिला कटनी (म.प्र.) यह शपथपूर्वक घोषणा करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। मेरी कक्षा दसवीं की मार्कशीट में मेरा नाम शैलेष कुमार अग्रवाल अंकित है, जिसका रोल नंबर 133228754 अनुक्रमांक 008053165 है। मेरे नाम पर आधार कार्ड क्र. 754196201039 एवं पेन कार्ड क्र. AQMPA5415B बना हुआ है, जिसमें मेरा नाम शैलेष अग्रवाल अंकित है। शैलेष अग्रवाल एवं शैलेष कुमार अग्रवाल यह दोनों मेरे ही नाम हैं किसी का अन्य व्यक्ति के नहीं। अतः आज से मुझे मेरा नाम शैलेष अग्रवाल समस्त दस्तावेजों में लिखा एवं पढ़ा जावे। अस्तु सूचना सर्वसाधारण है।

**शैलेष अग्रवाल पिता श्री पुरुषोत्तमदास अग्रवाल**

**JOB OPENING**
Requirement/skills
1. Tally, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
**The Dinesh Goods Transport Co.**
**Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni m.p.**
**For Application**
Contact- Ayush Jain
**Mo. 8989020207**

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
**डॉ. स्मिता बजाज**
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

विश्वप्रसिद्ध सर्जन
**डॉ.डी.यू. पाठक**
एम.एस.लेज़र सर्जन
दिनांक-19 फरवरी दिन शनिवार
समय- सुबह 8 बजे से सायं 3 बजे तक
उपलब्ध उपचार- फिस्टुला, फिशर एवं पाइल्स ऑपरेशन हेतु
नोट :- असुविधा से बचने के लिए शीघ्र ही रजिस्ट्रेशन करायें।
श्री हॉस्पिटल
एम.एम. चौबे वार्ड, जबलपुर रोड कटनी
डॉ. दीपक सक्सेना
एम.एस. लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. शोभना सक्सेना
एम.एस. सर्जन (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
मो. 9425325316, 942515143, 8962262200

JOHNSON®
Not just tiles, Lifestyles.

सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
**समर्थ**
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

**देवपद** स्किन एवं हेयर क्लीनिक
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहॉसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टेनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

ROYAL VINTAGE
for Bride-Groom Entry & Auspicious Program
केवल 16000 में
Hire Vintage Car for Wedding
**Vintage Car Rent**

स्पेशल डिस्काउंट
Contact us @ Katni : Mr. Ajay 9754005830, 9575796008


U-TURN
END OF THE Season SALE
UPTO 50% Off
On Selected Merchandise
U-TURN, 1st & 2nd floor, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.) Tel : 07622 422412

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायलयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)